आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 18.06.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।
- सरकार, प्रदेश में औद्योगिक निवेश को और गति देने के लिए पंतनगर–रुद्रपुर में **'उत्तराखण्ड निवेश उत्सव'** का आयोजन करेगी।
- विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी पर्यटकों से गुलजार। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान को अबतक 3 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई।
- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून को प्रदेश के सभी जिलों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।
- त्रिस्तरीय पंचायतों में आरक्षण प्रस्तावों पर प्रदेश के 12 जिलों से तीन हजार से अधिक आपत्तियां प्राप्त हुईं।

**सीएम दिल्ली दौरा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर देहरादून में 'साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना के लिए धनराशि स्वीकृत करने का गृह मंत्री से अनुरोध किया। इससे डिजिटल अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। श्री धामी ने बताया कि राज्य में औद्योगिक निवेश को और गति देने के लिए पंतनगर–रुद्रपुर में 'उत्तराखंड निवेश महोत्सव' प्रस्तावित है। मुलाकात के दौरान श्री शाह ने मुख्यमंत्री के सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ से ग्वालदम से नंदकेसरी होते हुए थराली देवाल–मुन्दोली–वाण मोटर मार्ग के रखरखाव व अनुरक्षण का कार्य लोक निर्माण विभाग से कराने का अनुरोध किया।

**फूलों की घाटी**

चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की एसडीओ सुमन ने बताया कि घाटी में आवाजाही शुरू होने के 17 दिनों के भीतर 1 हजार 812 देशी–विदेशी पर्यटक घाटी का दीदार करने पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 18 विदेशी पर्यटक घाटी का रूख कर चुके हैं। अब तक राष्ट्रीय उद्यान को 3 लाख 43 हजार 250 की आय हो चुकी है। बारिश के बाद घाटी में फूल खिलने से अब पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है।

**आओ हम सब योग करें**

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की ओर से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'आओ हम सब योग करें' अभियान के तहत 21 मई से 21 जून तक निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में अल्मोड़ा के धार्मिक स्थलों, पार्कों, शिक्षण संस्थानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर आयोजित

योग शिविरों में योग प्रशिक्षक योगाभ्यास करा रहे हैं। योगाचार्य डॉ. गिरीश अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस लाइन अल्मोड़ा में महिलाओं व बालिकाओं के लिए नियमित योग शिविर आयोजित कर उन्हें वेद व उपनिषदों की जानकारी दी जा रही है।

## सरकार के 11 साल

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला लाया है। इसी कडी में आज जानकारी, सभी के लिए किफायती और स्वास्थ्य सेवा पर–

पिछले एक दशक में, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख पहलों ने लगभग 55 करोड़ लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। जबकि आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत, 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को आधुनिक बनाया है, जिसके अंतर्गत 78 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्वोत्तर में असम में पहले एम्स सहित कई राज्यों में एम्स की स्थापना और विस्तार, विकेंद्रीकरण और चिकित्सा शिक्षा के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान पहला मामला दर्ज होने से पहले हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग से लेकर वैक्सीन टास्क फोर्स का गठन और तुरंत देशव्यापी लॉकडाउन लगाने तक त्वरित और साहसिक कदम उठाए। इसके अलावा, कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुचारू रूप से वैक्सीन वितरण सुनिश्चित किया गया, 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी गईं, जबकि ई–संजीवनी ने टेलीकंसल्टेशन को सक्षम बनाया, जिससे मरीज घर से चिकित्सकों से जुड़े रहे। ष्सभी के लिए स्वास्थ्यष के दृष्टिकोण के अंतर्गत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में भारत की स्वास्थ्य सेवा की पहुँच का विस्तार करने और इसकी गुणवत्ता में सुधार करने में अभूतपूर्व प्रगति की है।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून को प्रदेश के सभी जिलों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी देते हुए खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि 19 जून को जन रैली के माध्यम से खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने खेल विभाग को समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से 20 से 23 जून तक सभी जिलों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिसका समापन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर होगा।

ओलंपिक दिवस पर मुख्यमंत्री उद्यमी खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के 6 हजार से अधिक लाभार्थियों को 3 करोड़ 17 लाख रुपए की धनराशि भी डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी। साथ ही उत्तराखंड के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**पंचायतों में आरक्षण**

त्रिस्तरीय पंचायतों में आरक्षण प्रस्तावों पर प्रदेश के 12 जिलों में तीन हजार से अधिक आपत्तियां प्राप्त हुईं। त्रिस्तरीय पंचायतों में आरक्षण प्रस्तावों के अनंतिम प्रकाशन के बाद देहरादून जिले में करीब 302, चंपावत में 337, पौड़ी में 354 और उत्तरकाशी में 383 आपत्तियां प्राप्त हुईं। आपत्तियों के निस्तारण के बाद आरक्षण प्रस्तावों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिसे 19 जून को पंचायत निदेशालय और निदेशालय से शासन को उपलब्ध करा दिया जाएगा। अंतिम प्रकाशन के बाद आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

**स्मृति द्वार**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वर्ष 1988 में ऑपरेशन मेघदूत के दौरान शहीद हुए राईफलमेन नरेश उनियाल की स्मृति में निर्मित द्वार का उद्‌घाटन किया। देहरादून के सहस्त्रधारा रोड़ स्थित गुजराड़ा गांव में शहीद द्वार के उद्‌घाटन अवसर पर श्री गणेश जोशी ने अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद द्वार के निर्माण के लिए गुजराड़ा जनकल्याण समिति को बधाई दी। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि शहीद की याद में प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**मौसम**

आज राजधानी देहरादून में बादल छाए हुए हैं और हल्की बूंदाबांदी हो रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने 21 जून तक प्रदेश में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। मौसम खराब होने की स्थिति में विभाग ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। साथ ही चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से मौसम का पूर्वानुमान जानने के बाद ही यात्रा करने का आग्रह किया गया है।

**वित्तीय स्वीकृति दी**

राज्य सरकार ने पौड़ी के पाबौ विकासखंड में तुगडुंडा भैंसवाड़ा मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए तीन करोड़ 44 लाख रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही गैरसैंण विकासखंड में रागगंगा पर स्पान स्टील गार्डर निर्माण के लिए पांच करोड़ 12 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। वहीं, कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में निगम नाला वाला मार्ग के नव निर्माण और गंगोलीहाट विधानसभा क्षेत्र में चौड़मन्या–कमतोली मोटर मार्ग के नव निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

इजराइल–इरान युद्ध में अमेरिका के शामिल होने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने अपने शीर्षक में लिखा है– इजराइल– इरान संघर्ष में कूदा अमेरिका, ट्रंप बोले इरान के पूरे आसमान पर हमारा कब्जा, बिना शर्त करे सरेंडर।

दैनिक जागरण ट्रंप के हवाले से लिखता है– ईरान बिना शर्त आत्मसमर्पण करे और तेहरान खाली करें। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद जांच में कमी पाए जाने पर एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ाने रद होने पर हिंदुस्तान लिखता है– एयर इंडियां की सात उड़ानें तकनीकी खराबी से रद।

दैनिक जागरण ने लिखा है– एक ही दिन में एअर इंडिया ने रद कीं सात अंतरराष्ट्रीय उड़ाने। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– छह दिन में एयर इंडिया की बोइंग 787 की 66 उड़ानें रद्द।